# जय गौरी गणेश काटो विघ्न कलेश | by Mukesh Kumar

हे सुखकर्ता हे दुखहर्ता, गौरी पुत्र गणेश
जो कोई है तुमको मनाता, हर लेते हो कलेश
जय गौरी गणेश, काटो सभी कलेश

जब जब भीड़ पड़ी भक्तों पर तुमने आन उबारा
हर लेते दु:ख सबके सारे जिसने तुम्हे पुकारा
माँ गौरा का लाडला, शिव का प्यारा गणेश
मंगलकर्ता पालनकर्ता, काटे बाबा सभी कलेश
जय गौरी गणेश, काटो सभी कलेश

एक दंता विघ्न विनाशक देवो के तुम हो देवा
मूसक वाहन देव विनायक, सदा तुम्हारी जय देवा
लड्डू मोदक तुमको भाये, गौरी लाला है विघ्नेश
जो कोई तुमको है मनाता हर लेते उसके कलेश
जय गौरी गणेश, काटो सभी कलेश

तीन लोक के स्वामी तुम हो शिव गौरा के प्यारे गणेश
सबसे पहले पूजा जगत में होती तुम्हारी हे विघ्नेश
रिद्धि सिद्धि के स्वामी हो मंगलकर्ता गौरी गणेश
शिव नंदन हे गौरी माता, लाडले हे प्यारे गणेश
जय गौरी गणेश, काटो सभी कलेश

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%97%e0%a5%8c%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%8b-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%98%e0%a5%8d%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b2/